हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 जून 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उपजेल का किया निरीक्षण
4



(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

## खबर संक्षेप

### शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर में प्रवेश के लिए कांउसिलिंग आज से

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत सिविल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच संचालित हैं प्रत्येक में 30-30 सीट पीपीटी के आधार पर प्रवेश दिये जाते हैं। सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु काउंसलिंग 11 जून से प्रारंभ हो रही है। प्राचार्य रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक ने बताया कि काउंसलिंग की प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की जाएगी जिसमें पंजीयन प्रथम चरण 11 जून, द्वितीय चरण 26 जून एवं तृतीय चरण 11 जुलाई से प्रारंभ होंगें। वे विद्यार्थी जिन्होने पीपीटी परीक्षा दिया है वे 11 जून से संचालनालय तकनीकी शिक्षा, रायपुर की वेबसाईट में अपना रजिस्ट्रेशन कर कांउसिलिंग हेतु अपना विकल्प जमा कर सकते हैं।

### छात्रावास एवं आश्रमों में प्रवेश 16 जून से होगा प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्री-मैट्रिक तथा पोस्ट-मैट्रिक बालक-बालिका छात्रावासों एवं आश्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से प्रारंभ होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं संबंधित छात्रावास, आश्रम के अधीक्षक अथवा अधीक्षिका से संपर्क कर दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा के मॉडल उत्तर 20 मई को जारी कर अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित थी। निर्धारित अवधि में प्राप्त दावा-आपत्तियों का परीक्षण एवं निराकरण करने के उपरांत प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

### आबकारी विभाग ने छापामार कार्रवाई कर शराब के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सक्ती।** आबकारी वृत्त सक्ती ने ग्राम जोंगरा और सेंदरी में दबिश देकर अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई की है। आबकारी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब और 7.56 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। आबकारी वृत्त सक्ती को मुखबिर के जरिये ग्राम सेंदरी में अवैध रूप से देसी और विदेशी शराब बेचें जाने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत जांच पर पहले रूपनारायण राठौर से देसी मदिरा की खरीदी कराई गई। शराब बिक्री की पुष्टि होने पर आबकारी टीम द्वारा छापा मार कार्यवाही कर रूपनारायण के मकान में एक कार्टून के डिब्बे में रखा 42 नग देसी प्लेन शराब को बरामद किया गया । इसी प्रकार ग्राम जोंगरा वार्ड नंबर 10 में दिलीप कुमार विश्वकर्मा के यहां अवैध रूप से महुआ शराब बेचने की शिकायत पर छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान उसके घर के किचन से पांच पांच लीटर के दो जरिकेन में रखे 10 लीटर तथा एक बोतल में भरा 2 लीटर शराब बरामद किया गया।

# चार महीने पहले 31 सौ रुपए क्विंटल में बिकने वाले धान की कीमत घटकर हो गई आधी

## ले-देकर 16-17 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर पर हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में धान उत्पादक किसानों के लिए इस समय सबसे बड़ी चिंता उनकी उपज का गिरता बाजार भाव बन गया है। महज चार महीने के भीतर धान की कीमत लगभग आधी रह जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जहां राज्य सरकार ने पिछले खरीफ सीजन में नवंबर से जनवरी के बीच समर्थन मूल्य सहित किसानों से लगभग 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदा था, वहीं वर्तमान में रवी सीजन के धान का बाजार भाव 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल के बीच सिमट गया है।

किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। खाद, बीज और कीटनाशकों के दाम पहले से अधिक हैं। इसके अलावा कृषि कार्यों में मजदूरी दर बढ़ने तथा डीजल की कीमतों में वृद्धि से सिंचाई और जुताई का खर्च भी बढ़ गया है। ऐसे में लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में हसदेव बांगो परियोजना की नहरों से सिंचित क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान ग्रीष्मकालीन धान की खेती करते हैं। पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के कारण हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में धान बोया जाता है, लेकिन फसल तैयार होने के बाद बाजार में अपेक्षित कीमत नहीं मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि जिस फसल को तैयार करने में हजारों रुपये प्रति एकड़ खर्च हुए, उसे औने-पौने दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई किसानों का आरोप है कि समर्थन मूल्य पर खरीफ धान की खरीदी के बाद रवी धान के लिए कोई प्रभावी मूल्य सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से व्यापारी कम कीमत पर खरीदारी कर रहे हैं। परिणामस्वरूप किसानों को अपनी उपज लागत से कम दर पर बेचनी पड़ रही है। इसका सीधा असर उनकी आय और आगामी खेती की तैयारियों पर पड़ रहा है।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि और बाजार में कम कीमत के बीच बढ़ता अंतर किसानों की लाभप्रदता को प्रभावित कर रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में ग्रीष्मकालीन धान उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। धान के गिरते दाम को लेकर किसान अब सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि खरीफ सीजन की तरह रबी धान के लिए भी उचित मूल्य सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब मूल्य मिल सके और उन्हें आर्थिक नुकसान से राहत मिले।

## दो हत्यारों के साथ जेवर खरीदने वाला सराफा व्यवसायी गिरफ्तार

# दोहरे हत्याकांड का खुलासा, लूट के लिए किया था दंपती का मर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंदुरस में हुए दोहरे हत्याकांड का सक्ती पुलिस ने खुलासा कर लिया है। लूट करने के लिए हत्यारों ने घर में सो रहे दंपत्ती की हत्या की थी। जांच में यह भी सामने आया कि यही दोनों आरोपी वर्ष 2024 में मुक्ता गांव में हुए एक अन्य दोहरे हत्याकांड को भी अंजाम दिया था। मामले में दो हत्यारों के साथ ही लूटे गए सोने के आभूषण खरीदने वाले सराफा व्यापारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 2-3 जून की दरम्यानी रात ग्राम सेंदुरस में अपने घर में सो रहे पुरूषोत्तम खुंटे और उनकी पत्नी गुहरिन बाई खुंटे की सिर और चेहरे पर भारी वस्तु से हमला कर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मृतिका के सोने के आभूषण, नकदी और मोबाइल फोन भी गायब मिले थे, जिससे हत्या के



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व मामले का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक।

साथ लूट की वारदात की आशंका जताई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर स्वयं घटनास्थल पहुंचे और जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा एसडीओपी डॉ. भुवनेश्वरी पैंकरा के नेतृत्व में विभिन्न थाना प्रभारियों, साइबर सेल, डॉग स्क्वॉड, फोरेंसिक और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम ने लगातार पांच दिनों तक जांच अभियान चलाया। मृतक का गायब मोबाइल फोन पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग साबित हुआ। सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस को आरोपियों की लोकेशन खरसिया थाना क्षेत्र के पलगड़ा इलाके में मिली। इसके बाद पुलिस ने ग्राम पंडरीपानी निवासी देवकुमार यादव उम्र 33 वर्ष को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसके कब्जे से मृतक का मोबाइल बरामद हुआ और उसने अपने साथी रूपचरण यादव उम्र 40 वर्ष के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कुछ दिन पहले मृतक पुरूषोत्तम खुंटे से मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते घटना की रात वे स्केल पट्टी की मदद से दरवाजा खोलकर घर में घुसे और सो रहे दंपति पर लोहे की रॉड से कई वार कर दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद घर से नकदी, मोबाइल और मृतिका के गले तथा नाक में पहने सोने के आभूषण लूट लिए। आरोपी रूपचरण यादव की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड, खून से सने कपड़े और 74 हजार रुपये नकद बरामद किए। वहीं आरोपियों द्वारा लूटे गए आभूषण जैजैपुर के सराफा व्यापारी बाबूलाल साहू को 84 हजार रुपये में बेच दिए गए थे। पुलिस ने बाबूलाल साहू उम्र 50 वर्ष को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटे गए सोने के आभूषण बरामद कर लिए हैं। पुलिस की पूछताछ में एक और बड़ा खुलासा हुआ। आरोपियों ने स्वीकार किया कि जून 2024 में मालखरौदा थाना क्षेत्र के मुक्ता गांव में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड को भी उन्होंने ही अंजाम दिया था। उस मामले में मगनलाल गबेल और उनकी पत्नी बुधवारा बाई गबेल की हत्या कर घर से आभूषण लूटे गए थे। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उस वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 9 ग्राम सोने के आभूषण, करीब 5 ग्राम पिघला हुआ सोना, 77 हजार रुपये नकद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लोहे की रॉड बरामद की है। दोहरे अंधे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में मिली सफलता पर बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने पूरी टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।



# मिक्सर मशीन को लेकर शुरू हुआ विवाद, दो पक्षों में जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

थाना अकलतरा क्षेत्र के कोटमीसोनार पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत ग्राम पिपरसत्ती में छत ढलाई के लिए मिक्सर मशीन ले जाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद दो पक्षों के बीच मारपीट में बदल गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने से कई लोगों को चोटें आईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर शांति व्यवस्था कायम की तथा पांच लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

- पुलिस पांच लोगों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरसत्ती निवासी कन्हैयालाल पुरहोले उम्र 41 वर्ष और सुरेन्द्र कुमार उम्र 33 वर्ष के बीच मिक्सर मशीन के उपयोग को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान हुई मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए।पुलिस के अनुसार इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर पूर्व में अपराध दर्ज किया जा चुका था। साथ ही दोनों पक्षों को समझाइश देकर तहसील न्यायालय के माध्यम से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई थी। इसके बावजूद पुनः विवाद की स्थिति निर्मित होने पर पुलिस ने सख्त कदम उठाए। कोटमीसोनार पुलिस सहायता केंद्र ने 9 जून को प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत इस्तगासा तैयार कर तहसील न्यायालय अकलतरा में प्रस्तुत किया।

# पुलिस ने दो फरार आरोपी को किया गिरफ्तार पॉक्सो और छेड़छाड़ के मामलों में भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में एक युवक द्वारा नाबालिग बालिका की अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल कर उसे बदनाम करने तथा उसके परिवार को धमकी देने का मामला सामने आया था। पीड़िता की शिकायत पर थाना मुलमुला में



गिरफ्तार आरोपी।

आईटी एक्ट की धारा 67, 67(ए), भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 और 12 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी निलेश भैना (21 वर्ष) निवासी नगारीडीह, थाना शिवरीनारायण को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे मामले में एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आधी रात एक युवक उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(2), 74 और 75(1) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी शुभम दास उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जोगीडीपा को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### नवापारा में अवैध रेत को नदी में डलवाया, अकलतरा में अवैध रुप से भंडारित रेत जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नवापारा क्षेत्र में अवैध रूप से संग्रहित रेत पाए जाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त रेत को पुनः नदी में डलवाया गया। वहीं तहसील अकलतरा अंतर्गत अवैध रूप से भंडारित रेत के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। अकलतरा क्षेत्र में 45 हाइवा रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर राजस्व एवं संबंधित विभागीय अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर रेत को जब्त किया गया। कलेक्टर ने जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# महिला कमांडो टीम के सामने हंगामा करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोरा में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और महिला कमांडो टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस टीम के सामने बहसबाजी और हंगामा करना शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 जून को ग्राम अमोरा में पुराने विवाद के चलते दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए महिला कमांडो टीम और पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। पुलिस की मौजूदगी में भी विवाद शांत नहीं हुआ और आरोपियों द्वारा बहस एवं हंगामा किया जाने लगा, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बन गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए सख्त रुख अपनाया। नवागढ़ पुलिस ने



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए कुंवर पटेल उम्र 52 वर्ष और महावीर पटेल उम्र 55 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और शांति भंग करने या सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## डिप्टी सीएम शर्मा के बयान पर पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव का पलटवार

# ...तो क्या बीजेपी भी कर रही मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव इन दिनों कांग्रेस जनो से मुलाक़ात करने के लिए अलग अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में टीएस सिंहदेव जांजगीर चाम्पाजिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान अकलतरा और जांजगीर चाम्पा विधानसभा का दौरा किया।

टी एस सिंहदेव ने विधायक, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष के साथ पूर्व जिला अध्यक्षो के निवास मे पहुंचकर कार्यकर्ताओ से मुलाक़ात की। इस दौरान टीएस सिंहदेव ने जांजगीर मे मिडिया से चर्चा की और अपने इस यात्रा को महज पुराने परिचितों और कांग्रेस जनो के साथ आम लोगो से मुलाक़ात बताया। उन्होंने कहा कि अभी प्रदेश मे संगठन चुनाव का कोई योजना नहीं हैं फिर भी मिडिया अटकले लगती हैं। सिंहदेव ने कहा कि संगठन चुनाव और प्रदेश अध्यक्ष का फैसला हाई कमान का होता है।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिए गए बयान पर चुटकी लेते हुए सिंहदेव ने और कहा कि क्या बीजेपी विजय शर्मा का इस्तेमाल कर रही हैं, और क्या मुख्यमंत्री का भी उपयोग कर रही है। वो तो अपने विचार से भाजपा से जुड़े हैं। सिंहदेव ने आगे कहा कि वे तो कांग्रेस की विचाधारा से जुड़े हैं और अपनी विचारधारा के हिसाब से जनता के लिए काम कर रहे हैं। सिंहदेव ने कहा कि विजय शर्मा को अगर लगता हैं कि टीएस सिंहदेव का कांग्रेस द्वारा उपयोग किया जा रहा है, तो कोई बात नहीं जिसकी जिस पार्टी के प्रति निष्ठा होंगी वहां उसका उपयोग होगा। सिंहदेव ने राज्य सरकार की विकास योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार के पास जितनी आमदनी नहीं उससे अधिक का बजट पेश कर दिया गया है। यही वजह है कि प्रदेश के मुलभुत सुविधाओं मे भी भारी आभाव है। एक ओर सरकार महिलाओ को महतारी वंदन योजना मे एक हज़ार प्रतिमाह देने का दावा करती हैं दूसरी ओर महंगाई ने सभी वर्ग का कमर तोड़ दी है। पहले जहाँ 200 से 300 रुपए का बिजली बिल आता था वहां अब 2 हजार से 3 हजार का बिल आ रहा है। किसानों को खाद की समस्या हो रही है।



### शिवरीनारायण के मंदिर में टेका मत्था, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**शिवरीनारायण।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान नर -नारायण का दर्शन किया। इस दौरान शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने अपने सहयोगियों सहित उनका स्वागत किया और दर्शन पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर उन्होंने राम जानकी मंदिर तथा जगदीश मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। राजेश्री महन्त ने उन्हें शिवरीनारायण के ऐतिहासिक महत्व से अवगत करते हुए कृष्ण वट का भी दर्शन कराया। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यहां कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस अवसर पर विशेष रूप से पामगढ़ विधायक शेशराज हरबंस, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, हेमंत दुबे, सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, पूर्व विधायक चैन सिंह सामले, रामकुमार पटेल, सुबोध शुक्ला, नवल सिंह, पूर्णेन्द्र तिवारी, कमलेश सिंह, प्रमोद सिंह, हर प्रसाद साहू, बजरंग शर्मा, अजय दिव्य, अमर मिश्रा, सिद्धांत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नेहा रामचरण साहू, श्यामलाल साहू, जगदीश यादव, लक्ष्मी सिंह, श्रीमती माधुरी नरेश आदित्य सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुख्यालय से नदारद रहते हैं राजस्व निरीक्षक, किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ क्षेत्र में पदस्थ एक राजस्व निरीक्षक के मुख्यालय में नहीं रहने के कारण किसानों और आम नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कलेक्टर जांजगीर-चांपा को शिकायत सौंपकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

- कलेक्टर से की गई कार्रवाई की मांग

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागढ़ के पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र केशरवानी ने कलेक्टर को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि राजस्व निरीक्षक चंद्रराम साहू मुख्यालय में निवास नहीं करते हैं और प्रतिदिन बिलासपुर से आना-जाना करते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि किसानों एवं ग्रामीणों के साथ उनका व्यवहार संतोषजनक नहीं है, जिससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है।शिकायतकर्ता का कहना है कि राजस्व निरीक्षक के मुख्यालय में उपलब्ध नहीं रहने के कारण सीमांकन, नामांतरण तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। किसानों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व विभाग के कई कार्य प्रभावित होने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है।शिकायत पत्र में कलेक्टर से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा राजस्व कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप




### श्रद्धा का राष्ट्रीय एकता शिविर में हुआ चयन

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई बिंझरा की स्वयंसेविका कुमारी श्रद्धा पटेल का चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन हुआ है। श्रद्धा पटेल हरियाणा के हिसार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हो गई हैं, जहां वे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के साथ राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय और युवा नेतृत्व से जुड़े कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगी। कुमारी श्रद्धा पटेल की इस उपलब्धि पर संस्था परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा का चयन संस्था के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करेगा।

### आधुनिक कृषि तकनीकों से किसान कर रहे हैं खेती

**कोरबा।** किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाते हुए बेहतर उत्पादन और अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कृषि अब केवल खेतों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसानों के जीवन में समृद्धि, आत्मनिर्भरता और नए अवसरों का माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम तिलकेजा निवासी कृषक राजू लाल कैवर्त 1 एकड़ 63 डिसमिल भूमि में धान की खेती करते हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत वे सहकारी समिति तिलकेजा पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी आवश्यकता अनुसार कृषि आदान सामग्री प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया भी लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वे समिति से खाद एवं उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं तथा पिछले दो वर्षों से अपनी फसलों में नैनो उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं।

### आयुक्त ने अतिवृष्टि, बाढ़ नियंत्रण हेतु अधिकारियों को सौपे दायित्व

**कोरबा।** आगामी मानसून को देखते हुए अतिवृष्टि, बाढ़ नियंत्रण एवं प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत व्यवस्था के संबंध में निर्धारित कार्य योजना अनुसार कार्य किए जाने हेतु आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर निगम के अधिकारी कर्मचारियों को उनके दायित्व सौपे हैं तथा दायित्वों का पूरी गंभीरता, कार्यकुशलता व निष्ठापूर्वक निर्वहन के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही निगम कार्यालय साकेत में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है तथा मुख्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों हेतु निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सेल्टर केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। निगम क्षेत्र में वर्षा ऋतु के दौरान अतिवृष्टि बाढ़ नियंत्रण, प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत, आकस्मिक घटना की जानकारी उपलब्ध कराने, प्रभावित व्यक्तियों को राहत एवं उनका बचाव कार्य संचालित करने, प्रभावितों को तत्काल सहायता दिए जाने एवं नगर के नाले, नालियों की सफाई व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके प्रभारी अधिकारी अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव मोबाईल नम्बर 97520-94139 बनाए गए हैं।

### बरसात से पूर्व करें नाली-नाला सफाई का कार्य पूरा

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से कहा कि चूंकि निगम द्वारा बरसात से पूर्व नाले-नालियों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है किन्तु कार्य में और अधिक गति लाना आवश्यक है, बरसात का आगमन शीघ्र होने जा रहा है, अतः नाला-नालियों की सफाई के कार्य में तेजी लायें तथा एक अभियान के रूप में कार्य करते हुये बरसात से पूर्व सभी नाले-नालियों की सतह से सफाई का कार्य पूरा किया जाना सुनिश्चित करें।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 जून तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला एवं पोंड़ीउपरोड़ा में प्रवेश सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर विवरणिका का भली-भांती अवलोकन कर पात्रतानुसार आवेदन कर सकते है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने उपग्रह एवं स्पेश की खूबियों का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**एनटीपीसी चला रही है बालिका सशक्तिकरण अभियान**




एनटीपीसी कोरबा ने अपने प्रमुख कार्यक्रम बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम) के अंतर्गत दो दिवसीय प्रेरक व्यक्तित्व कार्यक्रम एवं अंतरिक्ष विज्ञान कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिससे युवा बालिकाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं आकांक्षाओं के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड्स फाउंडेशन के सहयोग से किया गया, जो छात्रों के बीच अंतरिक्ष शिक्षा एवं नवाचार को बढ़ावा देने हेतु इसरो पंजीकृत अंतरिक्ष ट्यूटर संगठन है। प्रेरित हों सीखें नेतृत्व करें उपलब्धि प्राप्त करें विषय पर आधारित इस कार्यशाला ने प्रतिभागियों को अंतरिक्ष विज्ञान में अनुभवात्मक शिक्षण के अवसर प्रदान किए तथा उन्हें भारत के अंतरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्रों की प्रतिष्ठित उपलब्धि प्राप्त हस्तियों के साथ संवाद का अवसर भी दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जून को अंतरिक्ष विज्ञान एवं रॉकेट विज्ञान पर एक रोचक सत्र के साथ हुआ, जिसमें आईडीवायएम फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को अंतरिक्ष, उपग्रह प्रौद्योगिकी, प्रक्षेपण यानों तथा रॉकेट प्रणोदन प्रणालियों की आकर्षक दुनिया से परिचित कराया। विशेष रूप से तैयार की गई स्पेस प्रदर्शनी ने बालिकाओं को उपग्रहों, प्रक्षेपण यानों तथा भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में जानने हेतु एक संवादात्मक मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण वॉटर रॉकेट चैलेंज रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जल रॉकेटों का डिजाइन तैयार किया, उनका निर्माण किया तथा उन्हें प्रक्षेपित किया। इस गतिविधि के माध्यम से बालिकाओं ने थ्रस्ट, दाब, एयरोडायनेमिक्स तथा उड़ान स्थिरता जैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों की व्यवहारिक समझ प्राप्त की। प्रतिभागियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की वैज्ञानिक श्रीमती अंजू दामोदरन के साथ संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में 28 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, वे वर्तमान में यू. आर. राव सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु में उपग्रह एकीकरण की उप परियोजना निदेशक तथा विद्युत एकीकरण अनुभाग-2 की प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं।

## 7 हजार किसानों ने कराया है विभाग में पंजीयन

# जिले में मत्स्य कृषकों के हादसे में मौत होने पर मिलेगी सहायता राशि


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में मछली पालन करने वाले किसानों को सड़क हादसे में मौत हो जाने पर 5 लाख रुपए की सहायता राशि कृषक बीमा योजना के रूप में दी जाएगी। स्थायी रूप से दिव्यांगता होने की स्थिति पर ढाई लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान रखा गया है। विभाग के रिकार्ड में ऐसे 7 हजार मत्स्य कृषक हैं जो मछली पालन के साथ मछली व्यवसाय से भी जुड़े हैं।

कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में बड़े जलाशय होने के कारण इन दोनों विकासखंड के मत्स्य कृषकों को लाभ मिला है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड से नेशनल हाइवे के गुजरने से सर्वाधिक हादसे के मामले इस विकासखंड में आए हैं। इनमें मछली व्यवसाय से जुड़े हुए पंजीकृत कृषक भी शामिल हैं। ऐसे पंजीकृत मत्स्य कृषकों के परिवारों के लिए यह योजना लाई गई है। घायल होने की स्थिति पर 25 हजार रुपए उपचार खर्च में दिए जाएंगे। विभागीय आंकड़े के अनुसार सहायता के रूप में मिलने वाली इन तीनों प्रकार की राशि का सबसे अधिक लाभ पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के मत्स्य कृषकों को मिला है। सड़क हादसों में मत्स्य पालन करने वालों के साथ मार्केट में बिक्री करने वाले शामिल थे। कुल संख्या 100 से अधिक बतायी गयी है। जिनको इन तीनों राशि का लाभ मिल चुका है।

**अब तालाबों के भी बीमा की तैयारी**

फसल बीमा की तर्ज पर तालाबों के भी बीमा की तैयारी की गई है। जिस तरह प्राकृतिक आपदा के कारण फसल के नुकसान होने पर बीमा भुगतान किया जाता है। उसी तर्ज पर किसी तालाबों में प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारणवश मछलियों की मौत होती है तो मछली पालन करने वालों को भी बीमा राशि का भुगतान किया जाएगा।

**हादसों में किया जा रहा भुगतान**

जिले में 7 हजार कृषक पंजीकृत हैं। जिसमें मछली पालन करने वालों के साथ मछली व्यवसाय से जुड़े किसान शामिल हैं। अगर सड़क हादसे में मौत होती है या विकलांगता आती है तो उनको सहायता राशि के रूप में सीधे खाते में भुगतान किया जाता है।

**-एके बघेल,** सहायक संचालक मत्स्य पालन

**डुबान क्षेत्र होने के कारण सर्वाधिक उत्पादन**

पोड़ी उपरोड़ा और कोरबा विकास खंड डुबान क्षेत्र होने के कारण मछली का सर्वाधिक उत्पादन इन दोनों विकासखंड में अन्य विकास खंड की तुलना में ज्यादा होता है। कृषकों की संख्या भी दोनों विकासखंड मिलाकर लगभग 4500 बतायी गयी है। यहां से उत्पादित मछली के बिक्री के लिए बालको क्षेत्र में बनाए गए थोक मंडी में इसकी खपत हो रही है। इस मंडी से रायगढ़, सरगुजा, अंबिकापुर तक मछली की आपूर्ति की जाती है। इनके अलावा पाली व करतला ब्लाक में भी बड़े जलाशय मौजूद हैं। जिसमें अपेक्षाकृत उत्पादन कोरबा व पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक की तुलना में कम है। आकांक्षी ब्लाक होने के कारण पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में केन्द्रीय योजनाओं की मानिटरिंग के लिए सेंट्रल की टीम पहुंच रही है। जिनके द्वारा मछली पालन के कार्यों की रिपोर्ट भी तैयार की गई है।

# पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख की उगाही, सिपाही गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको नगर पुलिस ने एक सिपाही को लेनदेन के मामले में गिरफ्तार किया है। राजनांदगांव में पदस्थ आरक्षक द्वारा दो लोगों को पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर लगभग 3 लाख रुपए की उगाही की थी। पुलिस ने निलंबित आरक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बालकोनगर थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि ग्राम कोरकोमा निवासी दिगंबर कंवर राजनांदगांव में आरक्षक के पद पर पदस्थ था जिसने ग्राम कोरकोमा में रहने वाले नरेंद्र पटेल व एक अन्य परिचित युवक को राजनांदगांव में ही आरक्षक के पद पर पदस्थ नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ डेढ़ लाख रुपए की उगाही की थी। जब दोनों युवकों की नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने दिगंबर कंवर से अपने पैसे की मांग की लेकिन दिगंबर कंवर लगातार उन्हें पैसे देने से इनकार करता रहा जिसके बाद नरेंद्र पटेल ने इस मामले की लिखित शिकायत बालको पुलिस से की थी जिस पर पुलिस ने आरक्षक दिगंबर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे ग्राम कोरकोमा से गिरफ्तार कर लिया है बताया जाता है कि दिगंबर पहले से ही निलंबित है।

# दीपका नगर पालिका में भ्रष्टाचार और सरकारी संपत्ति पर कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


हर्षित देवी राजपूत

नगर पालिका परिषद दीपका की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती हर्षित देवी राजपूत ने क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार जनहित की अनदेखी और शासकीय संपत्तियों के दुरुपयोग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया है उन्होंने वर्तमान व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष हर्षित देवी राजपूत ने साक्ष्यों के साथ शिकायत करते हुए बताया कि नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 4, 5 और 18 में जनता की सहूलियत के लिए स्वीकृत पार्षद निधि का खुल्लम-खुल्ला दुरुपयोग किया जा रहा है सार्वजनिक स्थानों पर लगने वाले बोरवेल (नलकूप) को पार्षदों द्वारा अपने व्यक्तिगत फायदे के लिए निजी घरों में करवा लिया गया है।

**खास बातें**

- नेता प्रतिपक्ष हर्षित देवी राजपूत ने कलेक्टर से की शिकायत
- जनता के पैसे का निजी इस्तेमाल, पार्षदों ने अपने घरों में करा लिया बोरवेल

नेता प्रतिपक्ष हर्षित देवी राजपूत ने कहा कि जब जनता पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रही है तब जनता के टैक्स के पैसे से पार्षद अपने घरों को चमका रहे हैं इस बंदरबांट को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरे मामले में नेता प्रतिपक्ष ने वार्ड क्रमांक 10 स्थित बस स्टैंड की दुर्दशा पर प्रशासन को घेरते हुए कहा है कि यह बस स्टैंड पिछले 20 वर्षों से निष्क्रिय पड़ा है जिससे जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस निष्क्रियता का फायदा उठाकर कोल एवं कबाड़ माफियाओं ने बस स्टैंड परिसर और वहां निर्मित दुकानों पर अवैध कब्जा कर लिया है। वर्तमान में यह पूरा परिसर शराबियों और असामाजिक गतिविधियों का मुख्य अड्डा बन चुका है दुःखद बात यह है कि नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मूकदर्शक बने बैठे हैं।

***कोरबा।** जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिले में गुम 150 मोबाइल को पुलिस ने उनके मालिकों को लौटाया


जप्त मोबाइल को उनके मालिकों को वापस करते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा 150 गुम हुए मोबाइल को बरामद किया गया और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर एसपी कार्यालय में मोबाइल मालिकों को बुलाकर गुम मोबाइल को लौटाया गया। पिछले 5 महीने के भीतर सायबर पुलिस ने तीन सौ से अधिक गुम मोबाइल को ट्रैक कर बरामद करने में सफलता हासिल की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतिश ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन तथा साइबर पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में साइबर सेल एवं साइबर पुलिस थाना की टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोनों की खोज कर उन्हें बरामद किया गया। साइबर पुलिस थाना ने जिला एवं राज्यों से गुम मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। मंगलवार को एसपी कार्यालय थाना से कुल 150 गुम मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को वापस लौटाया गया। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 26 लाख 62 हजार 410 बतायी जा रही है। मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखने को मिली। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस की कार्यवाही की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं साइबर टीम का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि साइबर पुलिस थाना कोरबा द्वारा पिछले 5 महीनों में 300 से अधिक गुम मोबाइल फोन ट्रैक कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस दिलाया जा चुका है।

# एनटीपीसी कोरबा के कार्यकारी निदेशक बने किशोर चन्द्र पात्र

**कोरबा।** देश की अग्रणी विद्युत उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने किशोर चन्द्र पात्र को एनटीपीसी कोरबा का कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख नियुक्त किया है। इस पदोन्नति के साथ श्री पात्र ने स्टेशन का समस्त नेतृत्व संभाल लिया है। वे विद्युत संयंत्र संचालन, अनुरक्षण, परियोजना प्रबंधन तथा संगठनात्मक नेतृत्व के क्षेत्र में 36 वर्षों से अधिक का गहन एवं विविध अनुभव अपने साथ लेकर आए हैं। विद्युत क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित एवं अनुभवी पेशेवर के रूप में श्री पात्र ने अपने लम्बे एवं बेहतरीन कार्यकाल के दौरान एनटीपीसी के विभिन्न विद्युत स्टेशनों तथा निगमीय दायित्वों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


किशोर चन्द्र पात्र

कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व वे एनटीपीसी कोरबा में परियोजना प्रमुख के पद पर कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने परिचालन उत्कृष्टता, सुरक्षा, विश्वसनीयता, सतत विकास तथा हितधारक सहभागिता पर विशेष ध्यान देते हुए स्टेशन का सफल नेतृत्व किया। यूसीई बुरला के पूर्व छात्र एवं यांत्रिक अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त श्री पात्र ने वर्ष 1989 में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में अपने करियर की शुरुआत की थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने फरक्का, तालचर कनिहा, एनबीपीपीएल, पूर्वी क्षेत्रीय मुख्यालय-II तथा वल्लूर सहित एनटीपीसी के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों को संभाला है। उनके व्यापक अनुभव ने उन्हें संयंत्र प्रदर्शन में सुधार, परिचालन दक्षता में वृद्धि तथा सुरक्षा एवं सतत सुधार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने में सक्षम बनाया है।

**कार्यालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र. 143/ब-121/2025-2026
ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा
आवेदक श्री आशीष उम्र 34 वर्ष पिता श्री सुकृतराम जाति तेली एवं आवेदिका श्रीमती दुर्गेश नंदनी उम्र 30 वर्ष पति श्री आशीष जाति तेली दोनों निवासी ग्राम हडहापारा कसडोल तहसील व थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशीष उम्र 34 वर्ष पिता श्री सुकृतराम जाति तेली एवं आवेदिका श्रीमती दुर्गेश नंदनी उम्र 30 वर्ष पति श्री आशीष जाति तेली दोनों निवासी ग्राम हडहापारा कसडोल तहसील व थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 08.05.2025 को स्थान मंगल भवन, बॉस्केट बॉल ग्राउण्ड के पास जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 20.06.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10.04.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

संयुक्त कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# प्रेमिका का अश्लील वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल, दोस्तों ने भी किया शोषण, 10 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एक प्रेमी ने अपने ही प्रेमिका के साथ अवैध संबंध बनाकर उसका वीडियो बना लिया और दोस्तों को दिखा दिया। वीडियो वायरल होने की बात कहकर गांव के अन्य युवकों ने नाबालिग को ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का दबाव डालने का प्रयास किया। शिकायत के बाद बालको पुलिस ने प्रेमी सहित दस आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत कक्षा 10वीं की छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 17 वर्षीय किशोरी का गांव में निवासरत होरीलाल चौहान उम्र 30 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि हीरोलाल ने किशोरी के साथ संबंध बनाए और चुपके से वीडियो बना लिया। बाद में होरीलाल ने यह वीडियो अपने दोस्तों को दिखा दिया और दोस्त के साथ भी सम्बन्ध बनाने बोलकर शारीरिक सम्बन्ध बनवा दिया। वीडियो की बात गांव के अन्य युवकों तक पहुंच गई। वीडियो बनने और देखे जाने की बात कहकर गांव के कई युवक लड़की को ब्लैकमेल कर शरिरिक सम्बन्ध बनाने दबाव देने लगे। कुछ ने संबंध बनाया तो कुछ ने गलत इशारे कर परेशान किया। लगातार ब्लैकमेलिंग से तंग आकर किशोरी टूट गई। वीडियो की बात जब पीड़िता के भाई तक पहुंची तो वह बहन को लेकर बालको थाना पहुंचा और पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद बालको थाना पुलिस हरकत में आई और महज कुछ घंटों के भीतर ही 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में होरी लाल चौहान उम्र 30 वर्ष, कन्हैया सिंह उम्र 25 वर्ष, उदय चौहान 22 वर्ष, मनीष चौहान उम्र 22 वर्ष, बुग्गु चौहान उम्र 21 वर्ष, राकेश सिंह उम्र 40 वर्ष, दशरथ पटेल उम्र 32 वर्ष, चित्रभान पटेल उम्र 30 वर्ष, शत्रुहन चौहान 25 वर्षीय एवं योगेश चौहान 22 वर्षीय शामिल हैं। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। नाबालिग से जुड़े मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

**जांजगीर मार्केट**

**फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में**
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

**प्रवेश प्रारंभ**
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



हॉलीवुड मसाला



## नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




## कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरीः द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज


**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला



## टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

# राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला


*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 4399 दिन पूर्ण होने पर नर-नारायण मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना



**शिवरीनारायण।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर ऐतिहासिक 4399 दिन पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शिवरीनारायण मंडल द्वारा श्री नर-नारायण भगवान बड़े मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी पुरेंद्र तिवारी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र की निरंतर उन्नति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में 4399 दिन पूर्ण होना देश के लिए गौरव का विषय है तथा उनके नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक एवं मंडल महामंत्री विष्णु हरी गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, मंडल महामंत्री दिलेश्वर साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महेश केशरवानी, ओमकार सोनी, बुद्धेश्वर केसरवानी, ईश्वरी केसरवानी, विनोद शर्मा, ललित कश्यप, आकाश यादव, आशीष दुबे, कोमल पटेल, संदीप यादव, रमेश केसरवानी, विनय कुमार, मनहरण केवट, कन्हैया कश्यप, मेला राम कश्यप, वीरेन मारकंडे, विजय साहू, राजकुमार साहू सहित मंडल के कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा के ज्योदगीर मोहल्ला स्थित साहू निवास में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ 11 जून को होगा। कथा को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजन समिति का कहना है कि कथा का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार करना भी है। कथा का रसपान साध्वी देवी प्रियंका शास्त्री कराएंगी। आयोजकों के अनुसार कथा प्रारंभ होने से पहले कलश यात्रा, पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं के बैठने,पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए साहू परिवार के सदस्य एवं ग्राम के युवा लगातार जुटे हुए हैं। साहू परिवार ने ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वेदांता पावर ने आयोजित की स्पर्धाएं

**सक्ती।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वेदांता थर्मल पावर प्लांट द्वारा चित्रकला स्पर्धा, जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत सिंघीतराई, ओड़ेकेरा और निमोही की 120 महिलाओं और 50 छात्र-छात्राओं ने आयोजन में भागीदारी की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए।सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'सखी परियोजना' के अंतर्गत संचालित सिलाई प्रशिक्षण एवं ब्यूटी वेलनेस कार्यक्रम में पंजीकृत महिलाओं ने आयोजन में हिस्सा लेकर एक से बढ़कर एक चित्रों की प्रदर्शनी लगाई वहीं युवा कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सिंघीतराई में संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने डिजीटल चित्रकलाएं तैयार कीं। सभी कलाकृतियां इस वर्ष की थीम - ''प्रकृति से प्रेरितः जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए'' पर आधारित थीं। प्रतिभागियों ने पर्यावरण आधारित अपने गीतों, कविताओं और प्रहसनों की बेहतरीन प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं और विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने और वृक्षारोपण के महत्व से परिचित कराया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागियों की हौसला अफजाई के लिए देवरघटा क्षेत्र की बीडीसी सदस्य काजल किरण डनसेना, सिंघीतराई की सरपंच गीता बाई सिदार, ओड़ेकेरा की पूर्व सरपंच नान कुंवर सहित अनेक जन प्रतिनिधि मौजूद थे। जन प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली। जन प्रतिनिधियों ने वेदांता पावर की ओर से क्षेत्र में संचालित कंप्यूटर, सिलाई एवं ब्यूटी वेलनेस प्रशिक्षण से महिलाओं और छात्र-छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ है।

## निधन

### श्रीमती रामकली यादव



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह के प्रतिष्ठित महिला एवं पूर्व पंच श्रीमती रामकली यादव का बुधवार 10 जून को आकस्मिक निधन हो गया। वे 90 साल की थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखग्नी उनके पुत्र रामनारायण यादव ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं अंचल के स्व जातीय बंधुओ के अलावा अन्य समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

### बिना किसी सूचना दिन और रात में बार-बार बंद कर दी जाती है सप्लाई

# लगातार हो रही बिजली कटौती से दर्जनभर गांव के उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव




सारागांव विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले देवरी, सोनियापाठ, अमरूवा, जाटा, कमरीद सहित कई गांवों के विद्युत उपभोक्ता लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के दिन और रात में बार-बार बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार बिजली गुल होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दिन में घरेलू कार्यों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं, वहीं रात में बिजली बंद रहने से लोगों की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों के अनुसार 9 जून की रात लगभग 11 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी, जो करीब चार घंटे तक बंद रही। इस दौरान उमस भरी गर्मी से परेशान लोग घरों से बाहर निकलकर सड़कों और गलियों में टहलने को मजबूर हो गए। बुधवार 10 मई को दिन में भी 1 बजे से करीब दो घंटे तक बिजली बंद रही। सारागांव विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत दर्जनों गांव आते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए शासन द्वारा लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं कर पा रही है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारों के अनुसार किसी एक गांव में तकनीकी खराबी या फाल्ट आने पर संबंधित लाइन को सर्किट ( जंफर ) काट कर सुधार कार्य करने के बजाय सीधे विद्युत वितरण केंद्र से बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इसके कारण एक गांव की समस्या का असर कई अन्य गांवों के उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है। इससे देवरी, सोनियापाठ, अमरूवा, जाटा, कमरीद सहित आसपास के गांवों के लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा फाल्ट सुधार की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की मांग की है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, मिले 84 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में 84 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील जांजगीर के ग्राम खोखसा निवासी श्रीमती अकतबाई द्वारा राजस्व पर्ची में नाम जोड़वाने के संबंध में, नैला निवासी श्रीमती पुष्पा सूर्या द्वारा राशनकार्ड बनवाने, तहसील सारागांव के ग्राम पचोरी निवासी केदारनाथ कर्ष द्वारा राजस्व अभिलेख में रिकॉर्ड दुरुस्त करवाने, तहसील बम्हनीडीह के सुमेद दास महंत द्वारा व्हीलचेयर उपलब्ध कराने एवं उपचार व चिकित्सीय परीक्षण हेतु, तहसील शिवरीनारायण के ग्राम कचंदा निवासी श्रीमती सलिता सूर्यवंशी बेजा कब्जा हटवाने, तहसील अकलतरा अंतर्गत ग्राम खोड़ निवासी जमुना प्रसाद पांडेय द्वारा राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। इसके साथ ही जनदर्शन में अन्य आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये।



# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उपजेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- बंदियों से की चर्चा, भोजन की गुणवत्ता तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी और आवश्यकताओं की जानकारी ली। साथ ही भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जयदीप गर्ग के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री शुभदा गोयल द्वारा बुधवार 10 जून नवीन उपजेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही बंदियों को विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जेल प्रशासन को बंदियों के लिए निर्धारित सभी सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध कराने एवं व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक जेल अधीक्षक ब्रिजेश साहू, समस्त जेल स्टाफ एवं न्यायालय कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहे।

## पुलिस सहायता केंद्र कोटमी सोनार में हुई सरपंचों की बैठक, सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



**खास बात**

- अपराधों पर रोकथाम के लिए हाट-बाजार एवं सराफा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाना जरुरी

पुलिस सहायता केंद्र कोटमी सोनार में नवपदस्थ प्रभारी विनोद जटवार ने क्षेत्र के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, जनसहयोग और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए।

प्रभारी विनोद जटवार ने सरपंचों से कहा कि गांवों के प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से हाट-बाजार एवं सराफा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे अपराधों की रोकथाम और घटनाओं के शीघ्र खुलासे में मदद मिलेगी।उन्होंने ग्रामीणों से जुड़े जनप्रतिनिधियों का सहयोग मांगते हुए कहा कि गांवों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही या असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही सभी से आपसी समन्वय और सहयोग की भावना के साथ क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की।बैठक में ग्राम पंचायत कोटमी सोनार के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप सोनी, सरपंच संघ अकलतरा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सुरेश धमदे (सरपंच फरहदा), मधुवा के सरपंच, हवसराम खांडे (सरपंच सोनाडुला) सहित क्षेत्र के अनेक सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सरपंचों ने भी पुलिस को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही।

## कर्मचारी संघ ने केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति महंगाई भत्ता देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- छह सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने केन्द्र के सामान महंगाई भत्ता देने सहित 6 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन जिला अध्यक्ष राधेलाल भारद्वाज के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा।



मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

श्री भारद्वाज ने बताया कि राज्य के छ.ग. राज्य विद्युत मंडल, न्यायिक सेवा अधिकारी एवं अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को केन्द्र की तिथी 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है किन्तु प्रदेश के लगभग 4.50 लाख अधिकारी एवं कर्मचारियों को उक्त लाभ से वंचित रखा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा पेंशनरों को महंगाई राहत दिया जावे एवं डी.ए.एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते मे समायोजित किया जावे, विधान सभा के बजट सत्र में माननीय वित्त मंत्री द्वारा कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिये कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की गयी है किन्तु अभी तक नियम निर्देश जारी नहीं किये गये हैं कर्मचारी हित में आदेश तत्काल जारी किया जावे, केन्द्रीय कर्मचारियों एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति पर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किया जावे, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जावे तथा मध्यप्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जावे, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए शिक्षक एल.बी. संवर्ग को समस्त सेवा का लाभ दिया जावे, प्रदेश में अनुकम्पा नियुक्ति की 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए अनुकम्पा नियुक्त के सभी पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति दिया जावे। इस अवसर पर राधेलाल भारद्वाज जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, संरक्षक गुरुप्रसाद जायसवाल, तुलसीराम राठौर जिला संयोजक पेंशनर्स प्रकोष्ठ, मनोज कुमार राठौर तहसील संयोजक सक्ती कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, अशोक कुमार राठौर तहसील अध्यक्ष सक्ती, शांतिलाल यादव, राहुल कुमार राठौर, कृष्णकुमार साहू, हरकुमार सिदार, मिथिलेश मैत्री, जगन्नाथ गोस्वामी जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संयोजक संघ, देवप्रसाद जिला अध्यक्ष, छ.ग. राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ, गजेन्द्र भोसले संभागीय अध्यक्ष, गौतम चन्द्रा, प्रकाश राठौर, तुलसी चन्द्रा, मणीशंकर साहू सहित कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अभाविप राहौद इकाई की नवीन कार्यकारणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

- पदाधिकारियों ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने लिया संकलप



उपस्थित अभाविप के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) राहौद इकाई की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2026-27 की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अभाविप के प्रांत सोशल मीडिया टोली सदस्य शुशांक शर्मा, जांजगीर नगर मंत्री अनुराग त्रिपाठी , राहौद नगर मंत्री विशाल चंदेल एवं हर्षराज पटेल उपस्थित रहे। नवीन कार्यकारिणी में प्रांशु कृष्ण गुप्ता को राहौद इकाई का नगर मंत्री नियुक्त किया गया।

वहीं विक्की यादव , जलाराम निषाद एवं हितेश चंदेल को नगर सह मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। इसी प्रकार सुनील देवांगन को कार्यालय मंत्री एवं हिमाचल यादव को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया। मितेश साहू को महाविद्यालय प्रमुख तथा बृजेश चंदेल को सह महाविद्यालय प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। सोशल मीडिया क्षेत्र में केशव देवांगन को सोशल मीडिया प्रमुख एवं आयुष चंदेल को सह सोशल मीडिया प्रमुख नियुक्त किया गया। विद्यालय गतिविधियों के लिए शिवांग कश्यप को विद्यालय प्रमुख तथा काव्य पटेल को सह विद्यालय प्रमुख बनाया गया। इसके अतिरिक्त लक्ष्मण कश्यप को एसएफएस प्रमुख, राहुल कश्यप को सह एसएफएस प्रमुख, अनुराग चंद्राकर को एसएफडी प्रमुख तथा सागर कंवर को सह एसएफडी प्रमुख का दायित्व दिया गया। वहीं ओम प्रकाश साहू को नगर कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी छात्र हित, राष्ट्रहित एवं संगठन विस्तार के कार्यों को नई गति प्रदान करेगी। सभी पदाधिकारियों ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## जनगणना में लगे प्रगणक और सुपरवाइजरों को मिला प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

- तहसीलदार ने दूसरे चरण के जनगणना कार्य को भी समय अवधि में करने कहा



प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित प्रगणक व सुपरवाइजर।

जन गणना 2027 के पहला चरण में लगे चांपा तहसील क्षेत्र के सिवनी और अन्य गांव में हॉउस लिस्टिंग मकान गणना में लगे 50 प्रगणक और 10 सुपरवाइजर को तहसीलदार प्रशांत पटेल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस सम्बन्ध में जन गणना में लगे सुपरवाइजर अशोक तिवारी ने बताया कि भारत में जन गणना 2027 का पहला चरण तहसीलदार प्रशांत पटेल के मार्गदर्शन पर निर्धारित समय में हॉउस लिस्टिंग और मकान गणना का काम पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि इस चरण में डाटा का संग्रह मोबाईल ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से किया गया। जिसमें सभी प्रगणकों ने घरेलु सुविधा से सम्बंधित आंकड़े संग्रहित किया। यह आंकड़ा 34 प्रश्नों के माध्यम से लिया गया। तहसील में प्रमाण पत्र वितरण करते हुये तहसीलदार श्री पटेल ने कहा कि जिस प्रकार पहला चरण में समय अवधि के भीतर सफलतापुर्वक ढंग से जन गणना का कार्य पूर्ण किया गया। ठीक उसी प्रकार दूसरा चरण की जन गणना के लिये कार्य करने का आग्रह किया। वहीं इस कार्य में लगे प्रगणक और सुपरवाइजरों की कार्य की सराहना किया।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कृषक चौपाल का आयोजन

# किसानों को मृदा संरक्षण एवं संतुलित खाद का उपयोग करने दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा





किसानों को जानकारी देते अधिकारी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा संचालित खेत बचाओ एवं धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड जैजैपुर के ग्राम पंचायत किकिरदा के धान मंडी प्रांगण में 9 जून को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कृषक चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कृषक चौपाल में उपस्थित किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व के बारे में और प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि पेंशन राशि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा फसलों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित प्रयोग की सलाह भी दी गई। किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग की विधि, लाभ तथा इसके प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस संबंध में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनोद कुमार कश्यप ने किसानों को बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से उर्वरक उपयोग दक्षता बढ़ती है। लागत में कमी आती है तथा फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर किसानों को बीजीए (ब्लू ग्रीन एल्गी) कल्चर तथा हरी खाद के उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इनका उपयोग मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहायक होता है। कार्यक्रम में नरसिंह प्रसाद आदित्य , बी आर सी देवप्रसाद तिवारी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित किकिरदा के संस्था प्रबंधक कुशत चंद्रा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनोद कुमार कश्यप तथा कृषकमित्र डी एन देवांगन, भोजराम बंजारे,माखन लाल चंद्रा, जयप्रकाश ओगर, सुंदर जांगड़े, घनश्याम डहरिया, सहित घिवरा, करही और किकिरदा के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय से किसानों की बढ़ेगी आय, फसल विविधीकरण को मिलेगा प्रोत्साहन : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता मे मंत्रालय महानदी भवन मे आयोजित मंत्रीपरिषद की बैठक मे लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय का भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों, गरीबों एवं प्रदेश के समग्र विकास के लिए दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक फैसले ले रही है।

इंजी. पाण्डेय ने कहा कि मंत्रिपरिषद द्वारा खरीफ वर्ष 2026 से कृषि उन्नति योजना के नवीन स्वरूप को मंजूरी देना प्रदेश के किसानो के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लाभकारी निर्णय है। राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र मे सफल विविधिकरण को बढ़ावा देने किसानों के आय मे वृद्धि करने तथा धान पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसानो को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। योजना के अंतर्गत दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास जैसी वैकल्पिक खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15000 रूपये की अदान सहायता प्रदान की जायेगी। इस योजना का लाभ एकीकृत किसान पोर्टल एग्रीटेक पंजीयन एवं डिजिटल क्राप सर्वे आधार पर पात्र किसानों को मिलेगा। इससे प्रदेश मे दलहन एवं तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।